# शेरावाली कृपा कीजिए

शेरोंवाली कृपा कीजिये, शेरोंवाली कृपा कीजिये,
आँचल में छुपा लीजिये, शेरोंवाली कृपा कीजिये.....

पलको के सिहांसन पे मैंने तुमको बिठाया है,
इस मन के अंदर ही तेरा द्वार सजाया है,
इस मन के अंदर ही तेरा द्वार सजाया है,
आ के इसमे रहा कीजिये,
शेरोंवाली कृपा कीजिये.....

पहले भी व्यर्थ हुआ कई बार मेरा जीवन,
मैं तोड़ नही पाया मोहमाया के बंधन,
मैं तोड़ नही पाया मोहमाया के बंधन,
अब की बारी बचा लीजिये,
शेरोंवाली कृपा कीजिये......

कोई पाप कर्म मैया मेरे सामने आए ना,
जब-जब तेरा भजन करूँ तू सामने आए माँ,
जब-जब तेरा भजन करूँ तू सामने आए माँ,
सच्ची भक्ति का वर दीजिये,
शेरोंवाली कृपा कीजिये.....

मैं तो इक पागल हूँ जगता हूँ रातों को,
तुम दिल पे मत लेता मेरी इन बातों को,
तुम दिल पे मत लेता मेरी इन बातों को,
जो भी मन मे हो वो कीजिये,
शेरोंवाली कृपा कीजिये.....

मैं तेरा बेटा हूँ तुम मुझको संभालो माँ,
माया के बन्धन से तुम मुझको निकालो माँ,
माया के बन्धन से तुम मुझको निकालो माँ,
इतना तो कर्म कीजिये,
शेरोंवाली कृपा कीजिये...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34103/title/sherawali-kripa-kijiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |